ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

सर्वोच्च प्राथमिकता/अत्यावश्यक

संख्याः 2830 /भाविवि/ प०नि०का० / 2025

दिनांकः 03 ,नवम्बर, 2025

# विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–2175/भाविवि/प०नि०का०/2025 दिनांक 27.09.2025, 2611/भाविवि/प०नि०का०/2025 दिनांक 17.10.2025, 2685/भाविवि/प०नि०का०/2025 दिनांक 25.10.2025 तथा 2798/भाविवि/प०नि०का०/2025 दिनांक 31.10.2025 के द्वारा छात्र–छात्राओं को सूचित किया गया था कि विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 05.11.2025 तक ही परीक्षा फॉर्म भरे जाने हेतु समर्थ पोर्टल खुला रहेगा।

उल्लेखनीय है कि अभी तक 1720 छात्र–छात्राओं द्वारा अपने परीक्षा फॉर्म नहीं भरे गये हैं। यह स्थिति अत्यन्त खेद जनक है। उक्त संख्या में ऐसे भी छात्र–छात्रायें है जिन्होंने केवल अपना कोर्स सेलेक्शन कर लिया है परन्तु परीक्षा फार्म सब्मिट नहीं किया है वे छात्र–छात्रायें परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें एवं जिन्होंने कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म दोना नहीं भरा है वह विषयों का चयन करते हुए परीक्षा फार्म निर्धारित अन्तिम तिथि दिनांक 05.11.2025 तक भरना सुनिशचित करें। परीक्षा फार्म भरे जाने के समस्त प्रक्रिया सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न हैं जिनके अनुपालन में आप चरण वार परीक्षा फार्म भर सकते हैं।

ऐसे **छात्र–छात्राओं जिन्होंने अभी तक परीक्षा फॉर्म नहीं भरा है, उनको निर्देशित किया जाता है कि वह दिनांक 05.11.2025 तक समर्थ पोर्टल पर परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें यदि उक्त तिथि तक छात्र–छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म नहीं भरा जाता है तो उनको दिनांक 06.11.2025 से 10.11.2025 तक परीक्षा फार्म भरने हेतु विलम्ब शुल्क रु0 500/– देय होगा।**

विस्तारित तिथि तक भी यदि किसी छात्र–छात्रा द्वारा परीक्षा फॉर्म नहीं भरा जाता है तो विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी दशा में उनका परीक्षा फॉर्म नहीं भरवाया जायेगा जिसके लिये छात्र–छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(डॉ0 अताउर रहमान आज़मी)
उप परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. अधिष्ठाता, शैक्षणिक।
4. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/विषय प्रभारी/शिक्षकों को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे अपने स्तर से समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित करना सुनिश्चित करें।
5. वेबसाइट एडमिनिस्ट्रेटर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
6. मीडिया प्रभारी को इस आशय से कि छात्रहित में उक्त सूचना सम्मानित समाचार पत्रों में नि:शुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. समस्त सूचना पटलों पर चस्पा करने हेतु।
8. सम्बंधित पत्रावली/गार्ड फाइल।

उप परीक्षा नियंत्रक